अपनी दिमागी ताकत शक्तिशाली रखो कई लोग हैं जो किसी भी बात के लिये विचार नहीं दौडाते कुछ कम विचार दौडाते हैं । मजबूत विचारो वाला आदमी हमेशा अपने विचारो से काम लेत देख सकोगे जो आदमी थोडे विचारो के वजन पर हैं उनको हमेशा उलट सीध पाठ की तरफ इधर उधर घसीटत और भटकते देख सकोग । थोडी कठिनाई आने पर वे उलझन म पड जाते हैं ।

अपने विचार एक स्थान पर ले आओ । अगर तुम्हारा दिल पक्षी के समान है जो सिफ तडफता रहता है जो एक डाल से उडकर दूसरी डाल पर कूद रहा है तो तुम अधिक कुछ कैसे प्राप्त कर सकोगे ? अपने विचार एक स्थान पर ले आना बहुत जरूरी है और जो अपने विचार एक स्थान पर नहीं लाता है वह खुद के लिये उलझन है और अपने लिये गैर जिम्मेदारी है ग़ र जवाबदारी है अगर तुम बठकर कोई काम कर रहे हो तो सलाह देने जसी बात हैं कि दूसरे कामो को कुछ समय के लिये स्थगित करो और यह तरीका तुम धीरे धीरे प्रयोग करने से ग्रहण कर सकोगे ।

तुम्हारा पिता

अध्ययन से नाता जोडो स्वाध्यायी बनो।

(17)

प्रिय पुत्र

सतरहवी शिक्षा मेरी तुम्हें यह है कि 'अध्ययन से नाता जोड स्वाध्यायी बनो।'

यह एक मानी हुई वास्तविकता है कि किसी भी बात का सीखने का आसान रास्ता यह है कि उसी विषय पर पुस्तक लेकर अभ्यास किया जाय।

अपना जीवन सफल बनाने व सुखी रखने के लिये तुम्हे पुस्तको की सहायता जरूर लेनी पडेगी पुस्तको द्वारा शिक्षा प्राप्त करना सबसे सस्ता, आसान व उपयोगी रास्ता है।

आजकल हर विषय पर पुस्तकें उपलब्ध की जा सकती है जाती हैं जो बिल्कुल थोडे दाम खर्च करने से खरीद की जा सकती है कभी कभी एक छोटी किताब से कई हजार रुपयो का फायदा हो सकता है।

एक औषधि बनाने वाले की बात है कि कई हजार रुपये खर्च कर किसी नुस्खे को प्राप्त करने के लिये कोशिश की थी पर थोडे दिनो बाद वही नुस्खा उसे किसी किताब मे उल्लिखित नजर आया—अगर यही औषधि बनाने वाला पहले ही किताब का अभ्यास करता तो शायद यह रुपया बचा सकता था।

हमेशा ढूढते रहो कि कोई ऐसी किताब है जिस के अभ्यास करने से तुम्हे जीवन मे सहायता मिल सकती है मैंने यह जाँच कर देखा है कि कितने ही प्रसिद्ध आविष्कारो का प्रारम्भिक सहायता पुस्तको द्वारा ही मिलती रही है ऐसे उदाहरण तो कई है पर मैं कुछ उदाहरण तुम्हे लिखता हू।

Grahem Bell जिसने टेलीफोन का आविष्कार किया था उसे इस आविष्कार का विचार एक पुस्तक पढने से पैदा हुआ था।

John Mercer जिसने (कृत्रिम) रेशम का आविष्कार किया है वह

जब वह मे शादी करने जा रहा था तब रास्ते म किसी किताब वाले के यहाँ खडे होकर किताब की खरीद की जिसको पढने से नकली रेशम के आविष्कार का विचार उसके दिमाग मे आया।

Faraday जिसने विद्युत का आविष्कार किया और हम इतना सुखी किया है उसक भी इस योजना का ध्यान किसी पुस्तक पढने के बाद आया।

Henry Foatd' हेनरी फोर्ड मोटर कार के व्यापारी को मोटर बनाने का उत्साह एक निबन्ध पढने के बाद पैदा हुआ, नही तो इसके पहले उसका विचार था कि घडियो का निर्माता बनू ।

उपरोक्त उदाहरणो से तुम देखोगे कि कस न कितने ही सफल आदमियो के जीवन का कारण यह किताबें ही रही हैं, जो भी यहाँ सफलता के दर्जे म गिने जाते हैं उनमे सब पुस्तकें पढने वाले है सिर्फ कुछ सफल आदमी होगे जिन्होने पुस्तको का कभी-भी अध्ययन नहीं किया होगा महात्मा गाँधी भी अपनी आत्मकथा म लिखते है कि उनके जीवन मे परिवर्तन लाने वाली कुछ किताबें है पण्डित नेहरु ने तो बहुत ही पुस्तको का अध्ययन किया था और वह हर जगह पुस्तको के बण्डल अपने साथ लेकर जाते थे कई पुस्तकें उन्होने स्वय भी लिखी है जिनसे फिर दूसरो ने लाभ लिया है।

एस्कीमो राष्ट्र (कौम) की सिर्फ दो ही किताबें हैं एक है बाईबल और दूसरी है उनके रीति रिवाजो पर किताब। इसी कौम को यह मालूम ही नही है कि दुनिया म दूसरा साहित्य क्या होता है या दुनिया म क्या क्या होने जा रहा है उनको बस सिर्फ यह मालूम है कि बर्फ म झोपडियाँ कैसे बनाई जायें और उसमे कैसे रहा जाय। इसलिये यह जाति प्रगति नही कर सकी है।

मैं कितने आदमी देख रहा हू जो हालांकि एस्कीमो नही हैं पर वे किसी भी हालत म उनसे बढे चढे दिखाई नही देते।

किताब इन्सान का दिमाग खोलकर उनमे नये विचार लाती है किताबो का अध्ययन न करने से मेरी समझ म इन्सान जैसे अन्धेरे मैं हाथ मार रहा है।

अच्छी किताबें जरूर दिमाग म नय विचार पैदा करेगी और दिमाग को चुस्त रखती आयेंगी कई परिस्थितियां म तो पुस्तकों से बरबादी के खड्डे म गिरने से बचा जा सका है किताबें दिखाती हैं कि उसस पहले क्या क्या किया गया है।

दिल की तगी दूर करने के लिये पुस्तकें पढ़ना बिल्कुल जरूरी हैं।

अथ यह है कि पुस्तकें पढ़ने से इ सान सचमुच पूरा इन्सान हो जाता है जसे बकन कहता है

Reading maketh a full man

पुरान जमाने म सिफ बादशाह व साहूकर लाग ही पुस्तक खरीद सकत थे जिसका कारण यह था कि हाथ लिखित होने क कारण पुस्तकें महगी होती थी पर अब वतमान समय मे मुद्रण सुव्यवस्था होने के कारण किताबें सस्ती हैं और आसानी से खरीद की जा सकती हैं।

कुछ समय पहले किताबें सिफ साहित्य के जानकार ही लिख सकत थ पर अब कई व्यापारी डाक्टर राजनीतिज्ञ नेता और कई दूसरे लोग भी लिखने का शौक ग्रहण कर रह हैं प्रसिद्ध व्यापारी जसे हनरी फोड सेलफ्रिज, राक फीलर आदि ने किताबें लिखकर अपन अनुभव अपनी पुस्तकों म उल्लिखित किये ह।

इस जमान म पुस्तकें जैसे प्रोफेसरों और वकीलों क लिये जरूरी है इसी तरह व्यापारियों के लिये भी तमाम जरूरी है।

व्यापारी दुनिया और साहित्य तो इस समय एक दूसरे स जुड़े हुए हैं और कभी भी अलग नही हो सकते भले ही किसी का भी काम कितना ही अच्छा क्यो न हो पर तब भी कई एसी किताबें हैं जिनके अभ्यास करने से उसी काम को अधिक श्रेष्ठ किया जा सकता है।

पुस्तकें पढने का मुख्य यह कारण होना चाहिय कि उनम स कुछ न कुछ शिक्षा प्राप्त करनी चाहिये। पुस्तकों से तो ऐस फायदा लेना चाहिये जस मधु मक्खी फूलो पर बैठकर फूलो स पूरा फायदा लती हैं।

कभी कभी मनोरंजन के लिए व समय काटने के लिये भी पुस्तकें पढनी चाहियें पर दिमागी आदमी को दिल बहलाने से अधिक दिल को सुधारने के लिये पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिये।

जो लोग सिर्फ समय काटने के लिये पुस्तकें पढ रहे हैं वे लोग जीवन का बडा अवसर खो रहे हैं यह अवसर है दिल और दिमाग को बढाने का।

समझदार आदमी हमेशा सफर की पुस्तकें उत्तम कथायें नये विचारों की पुस्तकों का अध्ययन करते रहते हैं। तुम्हें हमेशा खुद सुधारने और उन्नति के लिये पढते रहना चाहिये। पुस्तकें पढने से मानो तुम कवियों विचारकों और कई साहित्य के जानकारों के सम्बन्ध व सम्पर्क में आ जाते हो।

अच्छी पुस्तकों के चयन की श्रेष्ठ विधि यह है कि देखें कि उनके लेखक कौन हैं और तुम्हें सिखाने के सचमुच योग्य है? इसलिये लेखक को ढूंढना है अच्छे दोस्त को ढूंढना आजकल साहित्य तो इतना प्रकाशित हो गया है जो पुस्तकें चुनने में सावधानी लेनी पडती है

विदेशों में कई फर्मों के अपने खुद के Libraries पुस्तकालय हैं क्योंकि वे पुस्तकों का मूल्य समझते हैं और व्यापार को श्रेष्ठ विधि से चलाने के लिये पुस्तकों द्वारा ही तरीके ढूंढते है।

कई समझदार लोगों के घरों में अपने पुस्तकालय हैं जहां वे अच्छा व सुन्दर पुस्तकों का संग्रह करते रहते हैं कितना न अच्छा शौक!

कई लोग ऐसा कहते सुनते हैं कि उन्हें पढने के लिये बिल्कुल फुरसत नहीं है पर देखा गया है इसमें वे सरासर भूल करते है कोई भी कुछ न कुछ समय बचाकर पुस्तकों का अभ्यास व अध्ययन कर सकता है।

ऐसे आत्मा भी मैंने देखे हैं जो समझते हैं कि पुस्तकों के पढने की जरूरत नहीं है उनके लिये अखबार ही काफी हैं मेरी समझानुसार समाचार पत्र भी बिल्कुल जरूरी हैं पर सिर्फ समाचार पत्र पढ़ना ही काफी नहीं है नये

विचारा को प्राप्त करने क लिये पुस्तके पढना ही ठीक है समाचार पत्र जल्दी म लिखे जात है य सिफ ऊपरी तौर से परिचित कराते है इसलिय पुस्तकें पढने का शौक ग्रहण करना बुद्धिमता ही समझना चाहिय ।

मैं तो तुम्ह यह सलाह देता हू कि तुम भी एक अच्छा पुस्तकालय बनाने की कोशिश करो । जहा अच्छी अच्छी पुस्तको को सग्रह करने की व्यवस्था करो और मुझे विश्वास है कि तुम्हारी ये मानसिक व्यवस्था कायम रखने वाले शान्त दोस्त (पुस्तकें) तुम्ह कइ समया पर मदद करत रहेगें ।

किताब कसे पढनी चाहिय, और उससे पूण लाभ कस प्राप्त किया जाय यह भी ध्यान देने योग्य बात है । किताब एस ही लगातार पढ जाने से कोई भी लाभ नही होने का है मेरी समझ म किताब का हर एक अध्याय अच्छी तरह पढना चाहिय कई देख है कि किताब हाथ म लेने क बाद एक अध्याय अभी समाप्त हुआ हा नही हागा दूसरा अध्याय लगातार पढने की कोशिश करेंग ये सब खराब तरीक पढने के है, और मुझे तुम्हें यह बताना जरूरी है कि य सब पढने के खराब तरीक है। और ऐसी तरह पढने से कुछ भी हल नही निकलने वाला है अगर पुस्तक का पूरा लाभ लेना है तो हर एक अध्याय को सम्पूण रूप से पढना है न सिफ यह अगर हो सके तो उस दुबारा भी पढना चाहिये । पढत पढत कहीं कहीं (ठहरना) रुकना भी जरूरी है और जाच कर देखना चाहिय कि क्या पढ रहे हैं और कुछ इस पढी हुई बातो पर ध्यान दना जरूरी है बाकी शत जीतन (यानि जल्द पढने की रफ्तार का मुकाबला) की तरह पढने से क्या वापसी मिलगी ? क्या लाभ हागा ?

पढने क समय लाल पसिल या पन हाथ मे हाना जरूरी है कहीं भी ऐसी ध्यान देने योग्य बातें (ध्यान आकषण योग्य बात) नजर आयें तो इसी पक्ति के नीचे लकीर खाच देना चाहिय या अलग एक ओर मे लकीर खीच देनी चाहिये जहा अधिक जरुरी ऐसा वाक्य देखने म आये उतने X (क्रास ड डे) दे देने चाहिये । ऐसी तरह लकीरें खीचन से और पढने से यह तुम्हारा पढना बिलकुल दिलचस्प हा जायेगा और न सिफ इतना ही पर तुम्हारे लिय बहुत आसानी भी हो जायगी ।

पढने के समय एक ओर अलग से पास म शब्दकोश का होना भी तमाम जरुरी है। ताकि कठिन शब्दो के अर्थ जानना और उसी समय देखना भी बिल्कुल जरुरी है नही तो बाद म यह कठिन शब्द भूल जाते हैं और तत्काल जाँचने स पूरी बात पूरी तरह से समझी जा सकती है। अर्थ समझे बग र पढकर बोझा उतारने से थोडा ही लाभ होगा।

आशा है कि इसी विधि से पुस्तकें पढने पर ध्यान दोग और उन म से सच्चा विद्या प्राप्त करते रहोगे। मैं तुम्हारा पिता होने के नाते तुमसे यह कहना चाहता हू ।

व्यर्थ भटकाव से नाता तोड़ो ।
अध्ययन मे नाता जोडा रे ॥

तुम्हारा पिता

समय का मूल्य पहचानो ।

18

प्रिय पुत्र

अठारहवी शिक्षा मेरी तुम्हें यह है कि तुम समय का मूल्य पहचानो।' समय का मूल्य हम लोगो म स थोडे लोगो के लिय है समय बिल्कुल मूल्यवान वस्तु है पर आश्चय है कि इसके बाद भी हम इसका इतना मूल्य नहीं पहचानते।

समय हमेशा स्थिर है तुम्हे मुझ और दूसरे सभी को केवल थोडा हिस्सा ही मिला है। इसलिये हम इसी हिस्से मे मिले समय की पूरी पूरी कीमत पहचाननी चाहिये और इसे व्यर्थ गवाना बडी भूल होगी।

समय वह वस्तु है जिससे जीवन बना है दुनियाँ म समय जैसा कीमती दुर्लभ वस्तु दूसरी हो नहीं सकती ।

सच पूछो तो सम्पूर्ण रूप म जीवन बनाने के लिये हम दो सौ वर्ष आयु चाहिय पर सवाल है कि हम साधारण रूप म कितनी आयु चाहिय ? हम ऐसी तरह अपना दनिक जीवन चलाय जा रहे हैं जसे कि हमे एक हजार वर्ष जीवित रहना है।

इमे समझने मे भूल नही हो सकेगी कि समय धन से कही अधिक आवश्यक है। समय मूल्यवान व विभिन्न शक्तियो म उच्च है।

समय हम ईश्वर के यहा से समर्पित किया गया है पर दुख है ऐसी वस्तु हम बिना मूल्य पहचानने व्यर्थ म गवा रहे है। और व्यर्थ गवाने के समय हम इस पर थाडा भी विचार नही करते हैं पर जब अपने हो हाथो से खो कर जब अचानक आख खोलते हैं तो पछताते है अरे! समय तो हाथो से निकल गया।

कई बडी आयु वाले लोग जब अपने जीवन की यात्रा पूरी करके पहचते हैं तो व मुश्किल स अनुभव करते हैं कि उन्होंने असावधानी लापरवाही के कारण युवावस्था म समय किस तरह व्यर्थ खोते रहे। पर ये अगर इसका मूल्य अपनी जवानी म पहचानते तो उनके इस तरह से पछतान का कारण बिलकुल ही नही बनता।

याद करलो हम दिन व्यर्थ बिताने के लिये नही मिले है पर अपना जीवन सम्भालने व बनाने के लिये मिले हैं इसके लिये एक एक दिन की आवश्यकता है किसी को भी हमने यह कहते नही सुना है कि उनको अधिक दिन मिल गये हैं।

क्या कभी स्वय से सवाल (प्रश्न) किया है कि तुम्हारा शेष समय कितना है ? इस प्रश्न का उत्तर तुम्हे अधिक असमजस म डाल देगा हम सब को चौबीस घटे दिन म मिलते है जिसम आठ घटे तो रात्रिकाल विश्राम म जाते हैं बाकी बचे शेष समय मे कुछ घटे नित्य कर्मों के सम्पादन म व्यतीत होते है। शेष घटे मुश्किल से ही मिल पाते हैं। इसलिये क्यो न शेष समय म स्वय को सुधारें और उन्नति के लिये समय का सदुपयोग करें।

यह एक वास्तविकता है कि समय हमे मूर्ख बनाता रहता है जो अस्थिर वस्तु है उसका नाम ही समय है। वास्तव म विज्ञान के विचार से देखें ता समय कुछ भी नही हैं जो हमारा भविष्य है वह कुछ पल वतमान व तत्पश्चात अतीत मे परिवर्तित हो जाता है। इस परिवतन शीलता को ही समय समय कहा जाता है।

आने वाला समय और बीता हुआ समय भी कुछ नही सिवाय आशाओ व याद करने के अतिरिक्त आने वाले समय के लिये हम आशायें रखते हैं और बीता समय बार बार याद आता है। अगर कुछ मूल्यवान समय है तो वह है वतमान समय जिसम सार है। जिसका मूल रूप ही है, समय और कुछ भी नहीं। अतिरिक्त इसके जो हम उपयोग मे लाते हैं।

एक पच्चीस वष के नवयुवक के कहन का भी कोई कारण हैं कि उसके पास अस्सी वष के बुढ्ढे स भी अधिक समय है क्योंकि यह नवयुवक समय व्यथ न खोकर समय का सदुपयोग करता है।

कई लोग भविष्य के लिये और बीते हुय समय के लिये ठगे जाते हैं अक्सर नवयुवक युवावस्था का आधा हिस्सा तो भविष्य के सपने सजोन मे बिताते हैं और जब बुढ्ढे होत हैं तब अतीत की याद म समय बरबाद करते है बस इसी तरह जीवन के दोनो भाग नष्ट कर देते हैं।

यह सब सपने हम दूर नही कर सकते हैं अगर उन्ह छोडकर हम अनुभव करेंगे तो हर दिन हम व्यय नही खोना है पर अपने लिय मूल्यवान बनाना है।

इसलिये तुम काय अभ्यास कर उसका अनुसरण करो और एसा समझो कि वतमान चालू समय ही तुम्हारे लिये सब कुछ है ऐसा समझने से ही तुम समय का पूरा पूरा लाभ ले सकोगे।

कितनी ही धार्मिक शिक्षाओं के मिलने के कारण भी हम दूसरी दुनियाँ के स्वप्न सजाकर वतमान समय का अधिक मूल्य नही पहचान पा रहे हैं।

लाड चेस्टर फील्ड न अपने पुत्र को समय का मूल्यांकन करने के लिय

यह शिक्षा दी है। Very few people are good economists of their fortune and still fewer of th ir time and yet, of the two the latter is the most precious Ch ster field अर्थात् इस दुनियां म बिलकुल थोडे लोग हैं जो अपन धन की बचत करत हैं और फिर इसस भी थाड़े लोग है जो समय की बचत करत हैं पर वास्तव म थोडे धन से अधिक मूल्यवान समय है।

हम प्रयास कर जितना हो सके उतना अपन कामो म ढील नही देनी चाहिये और वतमान गतिशील समय का पूरा लाभ लेना चाहिय।

जहाँ तक मुझ ज्ञात है कि कोई भी स्कूल नही है जहाँ समय की परख करने की शिक्षा दी जाती है और समय के मूल्यांकन क विषय पर कोई विशेष पुस्तक भी नही है कितना अच्छा होता अगर ऐसी दुलभ वस्तु का सदुपयोग करन क लिये एसा किया गया होता।

एक लेखक का लिखना है कि मनुष्य को समय का मूल्यांकन कराने की एक अच्छी विधी यह है कि उसे कहा जाय कि अपना सास लेना रोक लो और तमाम थोडे लोग दो मिनिट तक या उससे अधिक अपना साँस रोक सकेंगे। सास रुका हुआ होगा तब तक उनके लिय समय भी धीरे धीरे गुजरेगा वे जीवन मे पहली बार ही महसूस कर सकेंगे कि दो मिनिट म क्या हो सकता है।

समय का मूल्याकन करने के लिये कुछ वास्तविकताओ को भी जाँचना जरुरी हैं एक मिनिट म आदमी सतरह बार सास ले सकता है एक मिनिट मे बहत्तर बार छाती की धड़कन होती है जिस धरती पर हम खड़े हैं वह सतरह मील एक मिनिट के हिसाब से घूमती है, विश्व मे कही भी तार बारह मिनिटों मे भेजा जा सकता है उपरोक्त वास्तविकताओ को जानने के बाद तुम प्रतीत कर सकोगे कि एक एक मिनिट मे क्या क्या हो सकता है।

पूरे साल म 8760 घन्टे हमे मिलते हैं देखना चाहिये कि वे हम किस तरह काम म ले रहे हैं कागज पेन्सिल लेकर शान्ति से जाँच करने पर देख सकेंग कि कस न हमारे मूल्यवान घन्टे व्यथ गवाये जा रहे हैं।

हर एक दुकान में कितना समय व्यय जा रहा है। उसका अगर अनुमान लगाया जायें तो हैरान रह जायें दुकानों के संचालक व काम करने वाले अगर समय का मूल्य पहचान लें तो अपनी दुकान को उच्च शिखर पर पहुँचाकर उस दुकान्दार को समृद्धशाला बना सके।

दुनिया की सभी खुशिया सब समय मिलने पर आधारित है अगर हमारे पास समय न हो तो हम भी मित्र, पुस्तक यात्रा, घरेलूजीवन आदि का कैसे आनन्द ले सकेंगे?

जो समय का सचमुच मूल्य पहचानते हैं वे अपना समय व्यय जाता देखकर तनिक भी अप्रसन्न होते, पर वही फिर समय का मूल्यांकन न करके जान बूझकर समय व्यय बिता रहे हैं कितना न अन्तर है इसमें?

ये केवल सुस्त लोग हैं जो कहते हैं कि हमारे पास समय नहीं है कैसा भी मनुष्य अगर चाहे तो समय बचाकर अपने लिये समय पैदा कर सकता है।

समय न होना सिर्फ सुस्त लोगों के बहाने हैं।

एक प्रसिद्ध लेखक अर्नोल्ड बेनट' ने समय' बचाने के लिये अपनी एक किताब How to live 24 hours a day' में एक पूर्णतया सुन्दर सलाह लिखते हैं व लिखते हैं कि कई व्यक्ति हैं जो हमेशा यह शिकायत करते हैं कि उन्हें तनिक भी समय उन व्यक्तियों के लिये नहीं है वह रहे-वर्ग रहे। उनकी सलाह यह है कि अगर कोई भी सुबह सवेरे शीघ्र ही बिस्तार से उठने के नियम का पालन करे तो कितना समय बचा सकता है।

वास्तव में मनुष्य का कितना ही समय नींद में व्यय जाता है। कई लोग कहते हैं कि समय हमारे हाथों से उड़ता जा रहा है पर वास्तविकता दूसरी है ये लोग समय को जान बूझकर अपने हाथों से फिसल रहे हैं। –

समय का मूल्यांकन करने वालों के उदाहरण भी अनय हैं जो अपना एक मिनिट भी व्यय गवाना नहीं चाहते थे महात्मा गांधी पण्डित नेहरु और ऐसे कई महापुरुष अपने समय का मूल्यांकन करने में प्रसिद्ध थे।

मैं तुम्हें यही सलाह देना चाहता हूँ कि तुम घड़ी-देवता की आज्ञा में रहो। अपना एक एक मिनिट बचाओ फिर देखो तुम कैसे एक घंटा बचा सकते हो।

उपरोक्त लिखने से ऐसा न समझना कि मेरे लिखने का उद्देश्य यह है कि तुम सारा दिन काम मे चिपके रहो पर मेरे लिखने का स्पष्ट अर्थ यह है कि व्यर्थ सुस्ती मे समय न गवाओ।

प्रतिदिन प्रत्येक व्यक्ति के पास सबकुछ करने के लिये पर्याप्त समय है। अगर कोई भी मनुष्य एक समय मे एक ही काम करता है तो कितना ही समय बचा सकता है। पर अगर इसके विपरीत सभी काम एक ही समय करता रहेगा तो काम सन्तुष्टिदायक एक भी पूरा नही कर सकेगा और हर समय उसकी आपत्ति यही होती रहेगी कि, समय ही नही मिलता है वग रह वग रह।

एक अति व्यस्त व्यक्ति से जब पूछा गया कि इतना अधिक काम होने के बाद भी शाम को खुद के मनोरजन के लिय उसे कैसे समय मिल पाता है? उसका उत्तर यही था कि वह यह समय तब ही बचा पाता है जब हर कोई काम एक ही समय मे करता है वह जब एक काम समाप्त करके ही बाद मे फिर दूसरा काम हाथ मे लेता उसी दिन का काम दूसरे दिन पर न रखकर ऐसी तरह सीधे सादे तरीके से काम करने के कारण वह शाम को खुद के मनोरजन के लिए समय आराम से बचा पाता है। उसके स्थान पर अगर कोई दूसरा होता तो पीछा भी नही छूटता और सारे दिन यही समय न मिलने की 'हाय हाय' करता रहेगा।

हर किसी बात मे जल्दी करने से भी हम यही समझते रहते हैं कि काम जल्दी करते हैं पर ऐसा करने से काम सही नही होता है दूसरी तरफ समय व्यर्थ जाता है कोई भी काम ठण्डे मस्तिष्क से करने से हम कितना ही समय बचा सकते है।

मेरे उपरोक्त निर्देशन का तात्पर्य निम्नलिखित पक्तियों मे है जो पक्तिया लार्ड चेस्टर फील्ड ने अपने पुत्र को अधिक शिक्षा देने हेतु लिखी थीं।

"Know the true value of time, snatch, seize, and enjoy moments of it"

समय को पकडकर, छीनकर ही समय का पूरा पूरा मूल्याकन कर सही आनन्द लिया जा सकता है। तुम्हारा पिता

प्रसन्नता की साकार प्रतिमा बनो।

प्रिय पुत्र, (19)

उन्नीसवा निर्देशन मेरा तुम्हारे लिये यह है कि 'तुम प्रसन्नता की साकार प्रतिमा बनो।" जीवन में सफल और सुखी होने के लिये प्रसन्नचित्त बनकर रहना बहुत जरूरी है। प्रसन्नचित्त मनुष्य न केवल आसानी से सुखी व सफल हो सकते हैं बल्कि इसमें कोई भी सन्देह नहीं है कि वे दीर्घ आयु तक जीवन में आनन्द प्राप्त कर सकते हैं।

प्रत्येक बात को सदैव अच्छे विचार और प्रसन्न मुद्रा में ग्रहण करना चाहिये। प्रसन्नचित्त होना भी एक भाग्यशालीपन है और प्रसन्न व्यक्ति हर स्थान पर स्वागत प्राप्त करता है।

न जाने क्यो मुझे मुंह सूजे हुये गम्भीर लोग बिल्कुल ही अच्छे नही लगते पर न केवल मेरी यह स्थिति है अपितु सभी को ऐसा कहते सुना है कि उन्हें भी मुंह सूजे हुये गम्भीर सिलवटो वाले लोग पसन्द नहीं आते हैं। देखने में यही आता है कि ऐसे मुंह सूजे हुये सिलवटो वाले गम्भीर लोगो से सभी दूर भागते हैं और घबराकर दूर खिसकते हैं।

प्रसन्नचित्त होने से दूसरो को प्यार करना भी सीख सकते हैं और यह कुल शिक्षा कालेजो मे ग्रहण की गई शिक्षाओं से अधिक उपयोगी हो सकती है। भले किसी भी व्यक्ति को असंख्य कठिनाइयाँ व तकलीफें सामने हो पर अगर वह प्रसन्नचित है तो वह जीवन के उत्तरदायित्वो पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकता है।

ऐसे व्यक्ति को कहीं भी सिफारशी पत्र (अनुनामा पत्र) ले जाने की आवश्यकता नहीं है वहाँ उसकी अनुशंसा उसका चेहरा यानि शक्ल और उसका व्यवहार ही उसका अधिक परिचय दे सकेगा।

इस जीवन को कभी भी रंगीन चश्मा पहनकर न देखो, जिस रंग का चश्मा पहनकर देखने की कोशिश करोगे सभी वस्तुयें तुम्हें इसी रंग की दिखने में आयेंगी।

प्रसन्न मुद्रा का गुण तुम्हें अंग्रेजों से भी सीखना चाहिये । तुम देख सकोगे कि वे सन्व प्रसन्नचित रहकर अपना जावन यतीत करते हैं । जापानी और दूसरे देशवासी भी अधिकतर हसमुख व मिलनसार हैं पर हम भारतीय उनके बिल्कुल विपरीत हैं अभी कई लोग अपने जीवन मे पूरी तरह हसना भी नही सीख सकें हैं अगर कभी हसेंगे भी तो उनका हसना भी अपूर्ण ही दृष्टिपात होगा या विवशता हागी । ऐसे लोगो पर तरस खान के सिवाय रह नही सकत व बेचारे यह महसूस नहीं कर सके हैं कि उनके जीवन म प्रसन्नता क्या रग ला सकती है ।

हमारे यहाँ जब कोई हसमुख यक्ति आता है तो हम कितना मनमोहित या मन्त्रमुग्ध होत हैं सारे काम काज छोडकर उसकी आव भगत करते हैं क्योकि दूसरे की प्रसन्न मुद्रा ही हमको ऐसा करने के लिये प्रेरित करती है, विवश करती है और आकर्षण पदा करती है ।

जिस व्यक्ति के मुख मण्डल पर मुस्कान है और उसका यवहार मन मोहक होता है ।

व्यापारी और दूसरे धन्धे करने वाले व्यक्तियों की अगर (शक्लो) चेहरों का ग़ठकर निरीक्षण करा तो आसानी स देख सकोगे कि उनकी तस्वीरें (चित्रण) बिल्कुल गम्भीर व सूखी दिखायी देगी । क्योकि वे बेचार रात-दिन धन कमाने की योजनाएँ बनाते रहत हैं इसलिये व प्रसन्नचित बनने से स्वय का अपने आप वचित कर रह हैं ।

कितना अच्छा हो अगर बचपन म ही लेकर हर एक को यह शिक्षा दी जाये कि कसी भा परिस्थितियो मे हो सन्व प्रसन्नचित रहना चाहिय तो मैं समझता हू कि पूरी दुनिया की सभ्यता म आह ! कितनी शाति आ जाये !

याद रखो तुम अगर अपना चेहरा गम्भीर व सुस्त रखोगे तो विश्वास करो कि एसा चहरा तुम्हारे मित्रो को कभी भी अच्छा नही लगेगा और वे तुम्हारे लिये कुछ भी आकाक्षा नहीं रखेंगे इस तरह चेहरा बनाकर रखने से स्वाभाविक रूप तुम पर जो भी काम काज होगे, वे भी भारी और बोझ वाल प्रतात होगे तुम अपना जीवन अपमानित सा महसूस करते रहोगे ।

बडो अच्छी और ठहाके की हँसी तुम्हारी चिंताओ परेशानियां, भ्रान्तिया या जो भी तुम्हारे मन पर उलझनें होगी उनसे तुम्हे मुक्त करेंगी।

अगर कोई भी किसी को तग व परेशान करता है तो वह व्यक्ति जिसमे किसी प्रकार की प्रसन्न मुद्रा नही है या जो उचित व सुन्दर मजाक नही कर सकता। अभी थोडी ही आयु मे बडे होंगे या थोडा भी धन गाठ मे हो जायेगा तो स्वय को गम्भीर रखने का प्रयास करते हैं। ऐसा करने से हम अपना बडप्पन व बुद्धिमता समझते हैं।

मेरे लिखने का आशय पूर्णतया ऐसा नहीं है कि हम गभीर नहीं बनना चाहिये पर प्रश्न यह है कि अपने जीवन को अकारण सिर्फ गम्भीर नही बनाना चाहिये। जीवन मे हर किसी बात को गम्भीर रूप मे लेने से परिणाम यही निकलता है जो मुह पर शीघ्र ही सिकुडन व सिलवटें पड जाती हैं। प्रसन्नचित्तता के लिये चार्लस डिकनस ने तो इस तरह कहा है, Cheer fulness and Content are great Beautifiers and are famous preservers of youth ful looks यानि प्रसन्नचितता व आत्म सन्तोष मनुष्य की सुन्दरता व शोभा बढाने वाले और युवावस्था की झलक को बनाये रखते हैं।

उपरोक्त कहावत कैसी ठीक लग रही है देखा गया है कि जो हमेशा मुँह फुलाकर या मुँह पर सिलवटें डालकर रहते हैं और अकारण गभीर हैं वे जल्दी बुड्ढे नजर आयेंगे और शीघ्र ही उनके मुँह पर सिलवटें पड जाती है और दूसरी तरफ हँस मुख आदमी हमेशा ताजे, स्वस्थ और युवा दिखने मे आयेंगे।

हमारे स्वभाव का हमारे स्वास्थ्य से अधिक सम्बन्ध है क्योंकि हमारी चित्तवृति, भावनायें, और विचारधारा का रक्त-सचरण पर प्रभाव पडता है। एक डाक्टर ने अभी कुछ समय पहले किसी समाचार पत्र मे इस प्रकार लिखा था कि अगर स्वस्थ रहना है तो जाकर प्रति दिन प्रसन्नचित लोगो की सगत में व्यतीत करो, प्रसन्नचितता भी एक बलवर्धक औषधि है।

तुमने यह भी देखा होगा कि किसी बीमार को शुभ समाचार सुनाने

से उसके स्वास्थ्य मे कितना अंतर आया होगा, यह सब दर्शाता है कि हमारे विचार आकर्षणों का हम पर कितना प्रभाव पडता रहता है।

प्रकृति चाहती है कि मनुष्य प्रसन्नचित होकर रहे और चिन्ताओं का ढर न बनायें संग्रह न करे इसलिये मैं तुम्हे यही निर्देशन दूंगा कि तुम हर समय में प्रसन्नचित रहो फिर भले ही तुम्हारे सिर म पीडा हो या दाढ म पीडा हो दर्द हो।

दूसरों की तरफ प्रसन्नचित्त व स्वस्थ बनकर रहना और दिखना भी हमारा एक कर्तव्य है जिस कर्तव्य का हमें अवश्य ही पालन करना चाहिये सभी लोग प्रसन्नचित व स्वस्थ रहना चाहते हैं पर बिल्कुल थोडे सौभाग्यशाली हैं जो प्रसन्नचित्त व स्वस्थ बनकर रह सकते हैं।

प्रसन्नचित्त बनकर जीवन आनन्द समय व्यतीत करना भी एक कला है जो कला सिर्फ थोडे व्यक्ति जानते हैं। प्रयास करने से और जीवन के रहस्य समझने पर आसानी से इसे प्राप्त किया जा सकता है।

नित्य रात को बिस्तर पर जाने से पहले आने वाले दिन को उपयोगी बनाने के लिये स्वयं को अपनी ओर से बिल्कुल तैयार रखो अपनी चित्तवृति को प्रसन्न रखने के लिये हर समय प्रयास करो, ऐसा करने से तुम अपने पूरे दिन की थकावट को दूर कर सकोगे।

हर दिन के अन्त में तुम्हे गाना, बजाना दोस्तो मे या दूसरे किसी रूप मे या परिवार के साथ आनन्द व प्रसन्नता मे सम्मिलित होकर व्यतीत करना चाहिये, नहीं तो फिर बाद मे यह जीवन किस लिये ? या जीवन ही क्या ?

अगर कहीं भी भगवान न चाहे तुम्हारे विरुद्ध मजाक किया जाये तो भी आपत्ति नही घबराने की बात नहीं है तुम भी जाकर बैठ जाओ उनके साथ उनके किये गये मजाक में स्वयं को, शामिल करलो, ऐसा करने से मजाक का कडवापन निकल जायेगा। बस जो कोई तुम पर हसे, उसके बदले या

इसके विपरीत सब सामूहिक रूप से हँसकर ध्यान द लेंगे। आपत्ति नहीं हैं अगर कभी कभी तुम पर भी बठकर हँसी मजाक करें, पर विश्वास करो कि हँसमुख होने से वे तुम्हे कोई भी हानि पहुँचा नहीं सकेगें।

यह भी दिल पर हमेशा अंकित कर लो कि बुद्धिमान की बुद्धिमता की निशानी है निरंतर प्रसन्नचितता और प्रसन्न होकर रहना

तुम्हारा पिता

क्रोधित न हों।

प्रिय पुत्र, (20)

बीसवा निर्देशन तुम्हे है कि तुम क्रोधित न हों।" क्रोधी स्वभाव तुम्हारे सुख व सफलता के बिल्कुल आड आयेगा। कई लोग (गुस्से) क्रोधी स्वभाव होने के कारण अधिक दुखी हो रहे हैं उनके इसी स्वभाव होन के कारण ही प्रत्येक बात मे वे असफल रहे हैं।

कई अवसरो पर स्वभाव से क्रोध करने वालो को अपमानित होते देखा गया है क्योंकि व अपने गरम स्वभाव पर नियन्त्रण रख नही सकते हैं।

कोई भी प्रयत्न करने से अपने मस्तिष्क-विकार को नियन्त्रण म ला सकना है। स्वभाव को नियन्त्रण में लाना कोई असम्भव नहीं है। प्रारम्भ में शायद कठिनाई हो, पर बाद में आसान हो जायेगा।

जान है कि मनुष्य का चिडचिडा स्वभाव क्यों होता है जांच कर देखा गया है कि मनुष्य का चिडचिडापन वाला स्वभाव तब होता है जब उसमें स्वार्थ अपमान, केवल बडाई, और अभिमान रहता है। अगर पूरी तरह जांच करके देखेंगे तो मनुष्य का स्वभाव कुछ बातों से बना है और अगर उन

तत्वा पर निय त्रण रखें तो आसानी से अपने स्वभाव पर भा नियन्त्रण रखा जा सकता है ।

जलन, ईर्ष्या, चिडचिडापन मस्तिष्क म एकदम स्थान कर लतो है ऐसे स्वभाव रखन वाले यक्ति दूसरो के विचार सहन नही कर सकत और वह हर समय यही चाहते रहने है जसा वे चाह वसा ही होना चाहिये ऐसा न होने की स्थिति म व एकदम क्रोध में आ जाते है ।

अधिकतर क्रोधी स्वभाव वाले व्यक्ति जबरदस्ती करने वाले स्वभाव क होन हैं वे दूसरो के विचारा का ध्यान कभी भी नही करते, कवल अपन विचार करते रहत हैं । दूसरा के अधिकार और परिस्थितियों को कभी भी महसूस कर ध्यान म नही लात ।

किसी व्यक्ति को भले यह इच्छा दिल म हो कि वह शक्ति म आकर धाक जमाने वाला बनकर साधारण व्यक्ति से ऊँचा दिखने मे या गणना म आये पर यह इसकी इच्छा कभी भी पूरी हो नही सकेगी जब तक कि उसन स्वय पर पूरा नियन्त्रण न किया है ।

वह व्यक्ति बुद्धिमानो की गणना मे आता है जो धैय (धीरज) धारण कर शान्ति म रहता हैं फिर चाह कसी भी चिढा देने वाली स्थितिया उनक सामन आ गयी हो ।

केवल वह व्यक्ति ही दूसरा का विश्वास प्राप्त कर सकता है जो स्वय पर और अपने सामने आई हुई स्थितिया को पूरी तरह नियन्त्रण म ला सकता है । जो यक्ति अपने मस्तिष्क पर नियन्त्रण नही रख सकता है उस पर क्या भरोसा कर सकेंगे ?

कई लाग बिल्कुल साधारण बातो पर बार बार क्रोधित हात हैं ऐसा करने से फिर जब वास्तविक (सचमुच) क्रोध करने का समय होता है तब उनके क्रोध का कोई भी महत्व नहीं होता है या नही दिया जाता है ।

जो लोग क्रोध करत हैं व बहादुरी म नही गिने जाते हैं क्रोध डर का

दूसरा रूप है जब हमारा शरीर तप तप कर लोहा हो जाता है यह दर्शाता है कि हम कितने छोटे हैं।

मैं भी कुछ समय पहले अधिक क्रोधी था अगर कोई काम अपनी मनमर्जी के प्रतिकूल होते देखता तो एक दम मस्तिष्क में गरमी चढ़ जाती थी और सब के साथ क्रोध करता रहता था, अन्त में जागृत हुआ और जाँच कर देखा कि मेरे क्रोधी स्वभाव होने के कारण मुझे कुछ भी लाभ पहुँचता दिखायी नहीं दिया पर इसके विपरीत हानि पहुँचती रही। जीवन में अनुभव प्राप्त करने के बाद मैं धीरे धीरे यह स्वभाव छोड़ता जा रहा हूँ जब भी कभी क्रोध आये तो चला जाता हूँ उस कोपभवन (शान्त) कमरे में जहाँ कोई दूसरा न हो, थोड़ा वहां रुकने से प्रतीक्षा करने से, मेरा क्रोध धीरे-धीरे शान्त हो जाता है।

एक प्रसिद्ध कहावत है जब तुम क्रोध में आकर कुछ बोलना चाहो तो "एक सौ तक गिनो" क्रोध के समय गिनती करना इसी लिये कहा जाता है क्योंकि गिनती करने में समय लगता है और समय लगने से मनुष्य फिर ठण्डा हो जाता है।

तुम जोश में आकर किसी दूसरे को कुछ कह डालते हो, इसके बाद इतने प्रसन्न होते हो कि तुमने अपने दिल का बोझ हल्का किया है पर प्रश्न है कि दूसरे को तुमने जोश में आकर कुछ कहा होगा इसका क्या हाल हुआ होगा? क्या उसने तुम्हारी इसी प्रसन्नता में अपनी प्रसन्नता समझी होगी? कभी नहीं कदाचित नहीं।

किसी व्यक्ति का कहना है कि कोई अगर जोश में मेरे पास मुट्ठा बन्द कर आये या घूसा दिखाये तो मैं शायद वापसी में दो मुट्ठियाँ बन्द कर घूसा दिखाकर उसे वापसी में जवाब दूँ। इसी बात में क्या अतिशयोक्ति हो सकता है।

अक्सर यह देखा गया है कि अधिकतर जब क्रोध किया गया है तो वापसी में भी हमें क्रोध मिलता है।

'जब तुम सही हो तो धैय (धीरज) छोडने का न तो कोई कारण है और न ही आवश्यकता है यदि तुम गलत हो तो धीरज छोडना उचित नही होगा।

यही एक कारण है कि कई लोग महात्मा गाँधी के विरुद्ध कुछ भी कहते थे इसके बाद भी उसे चिढ़ाकर क्रोध दिला नही सकते थे क्योंकि वह उपरोक्त कहावत का पूरा पयानुगम करते थे।

क्रोध करना एक छूत का रोग है सक्रामक रोग है जो शीघ्र ही फल जाता है।

सक्रामक रोग कसे फैलता है इसका एक उदाहरण निम्नलिखित है किसी घर मे एक कठोर स्वभाव की सेविका थी एक दिन उसी सेविका ने क्रोध म खाना पकाने वाले का कुछ कहा खाना पकान वाले का मस्तिष्क भी क्रोध से गरम हो गया उसने फिर इसी कारण अपनी गृह स्वामिन को किसी प्रश्न का उत्तर उल्टा दिया तब भोजन के समय गृह स्वामिन अपने गृहस्वामी के साथ बठी तो यही घूमकर चक्र खाना हुआ क्रोध एक से दूसरे क पास स सचारित क्रोध उसन अपने स्वामी पर छिडक दिया स्वामी (पति) तो बेचारा जस तसे पीछा छुडाकर अपने कार्यालय चला गया सुबह से ही गृह म क्रोध के वातावरण के कारण उसके मन मे भी उलझन आ गयी इसलिय कार्यालय म अापने स्वामी को रुखे (शुष्क) उत्तर देने लगा उसके कार्यालय स्वामी को भी आया क्रोध वह भी लगा अपमानित भाषा म बोलने, ऐसा करने स उसने भी सचारित क्रोध अपने आधीनस्थों पर उतारा यानि अपने आधीनस्थों को क्रोधवश अपमानित भाषा स सम्बोधित कर जब शाम को घर आया और क्रोध अग्नि तब सक्रामक रोग का भार वहन क लिये सम्बन्धित लोगों को यानि अपने परिवार क सदस्यो व सम्बन्धियों पर जाकर अन्त म उडेलकर फला दिया।

बचपन म शिक्षक भी जब हम अपशब्द बोल देते या तो हम मद मद्दे ऐसा ही समझत थ कि आपके शिक्षक महोदय भी घर से लडकर (परिवार के सदस्यों म लडकर) आये हैं।

क्रोधी स्वभाव पर कैसे नियन्त्रण किया जाये उसके लिये एक लेखक का लिखना है कि स्वय के साथ एक मास के लिये प्रण करना चाहिये कि क्रोध के समय एक शब्द भी मुख से नहीं निकालेंगे। ऐसी तरह करने से धीरे धीरे क्रोधी स्वभाव पर नियन्त्रण किया जा सकता है वाक शक्ति पर हमारा नियन्त्रण होना चाहिये न कि वाक शक्ति का हम पर, इसलिये मेरी तुम्हें शिक्षा है कि किसी भी स्थिति में क्रोध न करना, पर अगर क्रोध आये भी तो फिर क्रोध को नियन्त्रण मे रखना ऐसी तरह चुप करने से क्रोध का शमन हो जायेगा। ऐसे लोगो पर ईश्वर का आशीर्वाद व वरदान समझना चाहिये जिनका सीना ठण्डा है और जो गर्म मस्तिष्क रखना जानते ही नहीं।

तुम्हारा पिता

मृदु भाषण की कला सीखो।

प्रिय पुत्र, (21)

इक्कीसवी शिक्षा मेरी तुम्हें यह है कि तुम 'मृदु भाषण की कला सीखो' मृदु भाषा बोलने का कला यानि वार्तालाप की कला सीखना ही जीवन की सफलता व जीवन में सुख भोगने का द्वार है।

यदि तुम्हें स्पष्ट रूप मे अपने विचार प्रकट करने का ज्ञान है और तुम्हें अपनी बात को समझाने की पूरी व सही विधि ज्ञात है तो तुम ऐसा समझो कि तुम्हारे पास एक प्रभावशाली अस्त्र है, जिसकी सहायता से तुम हर स्थान पर सफलता प्राप्त कर सकोगे। केवल यहाँ तक ही नहीं पर इसके द्वारा समय-समय पर अनेक विवादास्पद स्थितियों पर भी सुगमता से विजय प्राप्त की जा सकती है।

मृदुल भाषी व प्रसन्नचित्त व्यक्ति को कहीं भी कभी अनुशंसा-पत्र यानि

"सिफारशी-पत्र ' को ले जाने की आवश्यकता नही। वह अपनी पहचान स्वय ही कर सकता है।

वार्तालाप करने की कला सीखना अति आवश्यक है पर आश्चय है कि ऐसी आवश्यक कला पर बिल्कुल ध्यान नही दिया जाता है विद्यालयो और महाविद्यालयो मे शिक्षक और प्रवक्ता और दूसरे भी कई विषय और भाषायें सिखाते हे पर योग्यता से कसे ' वार्तालाप किया जाये ये बातें वे बिल्कुल नहीं सिखाते।

व्यक्ति को अधिकतर नित्य यह देखा गया है कि व्यक्ति जो वार्तालाप करते हे उनको उन्हें पूरी तरह भिन्नता नही होती केवल यहा वहाँ से शब्द ज्ञात कर वार्तालाप कर रहे हैं। जो शब्दो का अध्ययन करने का प्रयास करते है बिल्कुल थोड़े ही ऐसे व्यक्ति हैं जो शब्द वे बोलत हैं वे कसे बन हैं और उसका सही-सही अर्थ क्या है। इसका उन्हें कोई ज्ञान है या नहीं ? कई ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होने वर्षों के वष कई दूसरा बाता पर अभ्यास व अध्ययन करने पर समय व ध्यान दिया है पर उन्होने अपने वार्तालाप की कला पर बिल्कुल ही ध्यान न देकर इस पर आँख बन्द कर ली है।

क्या यह तुम्हारा अपमान नही होगा अगर तुम किसी स्थान पर जाते हो जहाँ दूसरे योग्यता से वार्तालाप करते रहें और तुम मौन बैठ जाओ क्योंकि तुमने स्वय म वार्तालाप करन की योग्यता प्राप्त नहीं की है।

क्या तुम्हारे लिये यह अपूर्णतया असम्पन्नता का प्रतीक नही अगर किसी सभा या समारोह म तुम्हे बुलाया जाये कि तुम जाकर उन्हें अपने विचारो से अवगत कराओ और तुम वहाँ वार्तालाप का उचित ज्ञान न होने पर वार्तालाप न कर सको और गूंगे बनकर बैठ जाओ ?

उपरोक्त बातें व विचार ध्यान म रखकर मुझे विश्वास है कि तुम यह प्रतीत कर सकोगे कि वार्तालाप करने की कला ज्ञात करना उपयोगी, प्रभावी, व आवश्यक है। भले ही तुमने किसी और बात में योग्यता प्राप्त कर ली हो,

पर अगर तुम्हारे वार्तालाप म योग्यता नहीं, या ढग नही तो तुम्हारी दूसरी योग्यताए फिर किस काम की ?

कोई कसा भी पेशा, व्यापार करन वाला हो, पर यदि उसे वार्तालाप यानि अपन विचार प्रकट करन का ज्ञान न हो ता निश्चित रूप स दूसरी अनेक बातो म वह हानि पायेगा, और वह कभी भी लाभान्वित नही होगा।

यह एक विश्व-विख्यात वास्तविकता है कि व्यक्तियो की विजय का अधिक दायित्व उनके किये गये मृदुल व अच्छे किये गये वार्तालाप की योग्यता पर है।

कई व्यक्ति बडे-बडे पदा पर पहुँचे हैं उन्ह वे पद क्या मिले है ? वे पद व कभी भी प्राप्त नही कर सकत थे अगर उन्हें वार्तालाप करने का पूरा ज्ञान और योग्यता न होती तो।

सच पूछा तो जिन लागो मे वार्तालाप करन की कला है उनसे बात करने म एक विचित्र आनन्द है उसका बुद्धि से बात करने का ढग, मृदुल-स्वर जब कानों मे पहुँचता है तब हृदय बहुत प्रसन्न होता है। एस लोग दूसरो को मन्त्र मुग्ध कर शान्ति ला सकते हैं वार्तालाप करन की कला ही एक एसा गुण है जो सबको अपनी और आकर्षित कर सकता है।

वार्तालाप करने मे व्यक्ति को अपना मस्तिष्क और अनुभव काम मे लाना पडता है लोगो के वार्तालाप करने से एकदम ज्ञात हो जाता है कि वह कितना पढा लिखा है कितना सफर किया है उसने, कौन-कौन सी पुस्तकें पढी है उसने।

जो युवक यह इच्छा रखते हैं कि हम इस विश्व मे विजय प्राप्त करें कुछ उपयोगी बनें उनको चाहिए कि सबसे पहल 'वार्तालाप' की कला सीखें ताकि वे आसानी से और सुन्दर रूप से अपने मत व विचार प्रकट कर सकें ऐसा सीखने के बाद ही वे हर स्थान पर मान प्राप्त कर विजयी हो सकते हैं।

वार्तालाप करना बडा ही शिक्षा दने वाला है अच्छा व सुन्दर वार्तालाप

करने वाला स्वय म अच्छी विशेषता ला सकता है। वार्तालाप की कला सीखने वाले को प्रारम्भ में बोलन क ढग का अभ्यास करना चाहिये।

मृदुल वार्तालाप करन वाले को विशाल हृदय और स्वतत्र विचारवान होना जरूरी है पर यदि सकीण स्वभाव या अविस्तृत व अविकसित विचारो वाला है तो वे उसके सकीण विचार उसक वार्तालाप से ही प्रकट हो जायेंगे, और उन्ह सुनने वालों से पूरी सहानुभूति मिल नही सकगी।

देखा गया है कि कई लाग अपने वार्तालाप मे बिल्कुल झिझकते हैं और वे अपने वाक्यो को पूरी तरह मिला नहीं सकते हैं उनके वार्तालाप मे शब्दो का मिलन या मिलाप ऐसा बेजोड दिखने मे आता है जो उन पर आश्चय होता है और तरस भी आता है कि वे अभी तक यह सीख नही सके हैं कि कौन से शब्द किस रूप मे व ढग म बोले जायें ताकि उन शब्दो स पूरा अथ निकल सके।

मेरी यह हार्दिक इच्छा है कि तुम अपन शब्द कोष से अपने शब्द ज्ञान की वृद्धि कर अपना शब्द भण्डार बढाने का प्रयास करो अपना कुछ समय शब्दो को सीखने म लगाओ क्याकि थोडे शब्द ज्ञात होने से तुम श्रेष्ठ वार्तालाप की कला मे कुशल हो नही सकोगे।

कई वार्तालाप करने वाले अरुचिवान समझे जाते हैं इसका कारण केवल यह है कि वे हर समय अपनी ही बातें करते रहते हैं इसलिये सुनन वाले श्रोता लोग तग आ जाते हैं, इसलिये अगर चाहा कि व्यक्ति तुम्हारी बातो से तग न हो तो तुम्ह ऐसा करने से दूर रहना पडेगा।

हमेशा बोलने से पहले यह ज्ञात कर लो कि तुम्ह क्या कहना है और यदि तुम्हारा हृदय उलझा हुआ है तो विश्वास करो कि तुम्हारे सुनने वाले भी उलझ जायेंगे और हृदय म कहगे कि यह ज्ञात नही क्या कह रहा है। अपने विचार सदव किसी विशेषता म ले आओ चाहे वे विचार कम और छोटे ही हो।

इस प्रकार स बातें करो जो लोग तुम्हारी बात का सार स्पष्ट तथा सीधा समझ सकें।

मुख्य य (जोर स) रूप से बोलना, श्रेष्ठता, शिष्टाचार व सभ्यता की निशानी नही हैं। कई लोगो को बिल्कुल जोर से बोलने की आदत है वास्तव मे इतना जोर से बोलन की कोई भी आवश्यकता नहीं है।

बोलना केवल इतना ही जोर स चाहिये ताकि दूसरा उसे पूर्णतया सुन व समझ सके।

कई लोग तो बिल्कुल निर तर गति स बोलते हैं ऐसी निरतर गति से बोलने वाला वाले भी स्वय तो समझे भी स्वय ऐसे लागो का बोलना न बालन क समान है।

बालन म हमेशा सीधा स्पष्ट व गभीर बनो। अपने लिये अधिक न बोलो और न किसी के विरुद्ध बोलो।

भल दूसरे लाग अपन लिय जितना चाहे उतना बालें, बोलने मे अपना बडप्पन न दिखाओ, यह नमूना व ढग यानि तरीका किसी को भी अच्छा नही लगगा। ऐसा करने से तुम्हारे सुनन वाले तुम्ह हलका यक्ति समझेंगे।

किसी के भी वार्तालाप के मध्य मे न कूद पडो, भले दूसरा अपनी बात पूरा कर ले जल्दी करने की आवश्यकता नही है। कई व्यक्ति बालते हैं जिनकी उन्ह कोई आवश्यकता नहा है पर क्योकि उन्ह केवल बोलने से प्रेम है। आवश्यकता से अधिक बोलना मस्तिष्क के दुबलता (निबलता) की निशानी है।

बालना मस्तिष्क के लिये व्यायाम होना चाहिये न कि वाणी के लिये केवल बोलने की श्रद्धा व मत से बोलना, मनुष्य की सफलता के आडे आयेगा।

कई व्यक्ति अपने बोलने के लिये प्रसिद्ध होते हैं उनके बोलने की विधि ऐसी होती है जैसे वे मनुष्यों से बात नहीं कर रहे हैं पर मनुष्यों के ऊपर हावी होकर बोल रहे हैं एसे व्यक्ति दूसरो की सदव निन्दा करने वाले वाद-विवादी और हस्तक्षेप करने वाले होते है।

मान्यता से केवल वे ही व्यापार बढा सकते हैं जो मृदुल श्रेष्ठतापूर्ण व सभ्यता और शिष्टाचार से बात करते हैं न वे लोग जो ऊचा बोलते हैं व्यापार में शायद कुछ ऊँचा बोलने वाले भी व्यापार कर सकते हो पर उनका व्यापार कभी भी सुदृढ व पक्की नींव पर खडा नही समझना चाहिये।

कोई भी अगर अपने वार्तालाप करने का ढग सुधारना चाहे तो सुधार सकता है अगर वह एसा प्रयास लेता रहेगा तो सिर्फ एक दिन में ही उसे ज्ञात हो सकता है कि उसकी वाणी से निकले शब्दों का लोगों पर क्या प्रभाव पडता है। मनुष्य बोलने या भाव व्यक्त करने के कारण ही लोगों में पसन्द या नापसन्द हो सकता है।

दुकानों के मालिक लोग चाहे भले अपने आधीनस्थो या कर्मचारियों को कितने ही ऊचे वेतन देते हो पर अगर उनके बोलने का ढग उनकी ओर ठीक नही है तो वे कभी भी उनके हृदयो को जीत नही सकेंगे।

तुम अपना बोलना वैज्ञानिक ढग से भी सुधार सकते हो, केवल अपने दैनिक जीवन में झाँककर देखो कि तुम्हारे बोलने के कारण साधारण व्यक्ति का तुम्हारे लिये क्या विचार है ऐसा करने से तुम अपने बोलने के दोष व कमियों को कसौटी पर परख सकते हो। पर अगर अपने दोषों व कमियो पर पर्दा डाल कर स्वय को स्वय ही क्षमा किया तो तुम इस बात में उन्नति कर नही सकोगे।

जो शब्द बोलो उनके पूर्ण रूप से उच्चारण करो, जिस शब्द के उच्चारण को तुम्हे भिन्नता नही हो तो मुख से उच्चारण करने से पहले निश्चित रूप से जान कर लो कि कैसे उसका उच्चारण करना चाहिये पूछकर सीखने में लज्जा व शर्म करने की क्या आवश्यकता है।

मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि तुम इतनी वास्तविकताओं को जानने के बाद, वार्तालाप करने की कला सीखने का अपने मन व हृदय में दृढ संकल्प कर निश्चय करोगे और इसी कला को सीखने के बाद तुम देख सकोगे कि कैसे तुम्हें हर स्थान पर अधिक सम्मान व मान मिलता है।

तुम्हारा पिता

स्वस्थ व स्फूर्त बनो।

प्रिय पुत्र, (22)

बाइसवां निर्देशन मेरा तुम्हें यह है कि तुम "स्वस्थ व स्फूर्त बनो।" अच्छे स्वास्थ्य के बिना सफलता और सुख प्राप्त करना असम्भव है सभी निर्देशों में प्रमुख निर्देशन यही समझो।

स्वास्थ्य सम्बन्धी कई ही ऐसी तथ्य हीन बातें प्रकट होती रहती हैं यदा-कदा जो लिखते रहते हैं उन पर एक प्रकार की धुन या भूत सवार रहता है और ऐसे धुन के पक्के हर समय हमें यही सुनाते रहते हैं कि चाय काफी छोड़ो।

शारीरिक रूप से व्यक्ति तीस पतीस वर्ष की आयु में चोटी पर पहुंचता है उसके बाद धीरे-धीरे वह पिछड़ जाता है।

आश्चर्य है कि मनुष्य का पहला आधा जीवन शारीरिक है और बाद का आधा जीवन मस्तिष्क पर आधारित है, पैंतीस वर्ष की आयु के बाद मनुष्य का शरीर झुकता रहता है ठीक उसी समय जिस समय उसका मस्तिष्क बढ़ना शुरू कर देता है बिल्कुल थोड़े लोग हमें दिखायी देंगे जिनका शरीर हृष्ट पुष्ट हैं और उनका मस्तिष्क सम्पूर्ण स्वस्थ व ठीक अवस्था में है।

यह अति आवश्यक नही है कि मनुष्य अपना शरीर पैंतीस वष की आयु के बाद झुका हुआ रखे। कोई भी अपने शरीर की सुरक्षा करने से अपना स्वास्थ्य ठीक रख सकता है।

अधिक रोग विचार सम्बधित है जिससे शीघ्र मुक्ति पायी जा सकती है और वे केवल *हमारी असावधानी व अज्ञानता का दण्ड है स्वय पर पूरा* नियन्त्रण रखने के कारण यह सब हमे भोगना पडता है।

व्यापारी दुनियाँ म रोग ग्रस्त हो जाने के कारण कितनी व्यथ हानि पहुँचती हैं।

रुग्ण यक्ति ायापार को भी रुग्ण (अस्वस्थ) बना देते हैं अस्वस्थ होने पर असस्थ यक्ति काम पर नही आते हैं। यह सब हानि रुग्ण हाने के कारण होती हैं।

रोग पूणतया प्राकृतिक नही है यदि तुम अपने शरीर को पूरा स्वस्थ रहने का अवसर दोगे तो तुम्ह अस्वस्थ हा जाने के लिये कोई भी साधारण कारण नहा। विश्व म कवल तीन प्रतिशत बुढापे के कारण मरते हैं शेष दूसरे तो स्वास्थ्य के दूसरे नियम पूरी तरह न पालन करने के कारण अपने स्वास्थ्य को अपने हाथों से नष्ट करते हैं और दूसरे श दो मे ऐसा कहें कि वे एक तरह आत्म-हत्या कर रहे हैं।

सभी याधियों से मुक्त होने के लिये यह अति आवश्यक है अपने शरीर के अन्दर जितने भी कल-पुर्जे हैं उसका पूण ज्ञान रखना चाहिये।

मनुष्य के शरीर में 208 हड्डिया हैं और चार सो से अधिक मांस पशियाँ हैं सबसे बडी हड्डी जाँघ का है और छोटी सी छोटी कान की पापडी की हड्डी है।

व्यक्ति का कपाल देखन से ही पता लग सकेगा कि कसे सावधानी व सूझ-बूझ स यक्ति की ठीक व ठोस विधि से रचना की गयी हैं।

इसा ईश्वरीय सौगात वरदान व आशीर्वाद रूपी स्वास्थ्य का हम पूरा पूरा लाभ लेना चाहिये।

व्यक्ति की जो माँस पेशिया हैं उसे जितना अधिक काम मे लायगें उतना ही अधिक वे दृढ होती हैं औसतन व्यक्ति क माँस पेशियो की तौल तीस किलो है।

प्रत्यक साधारण व्यक्ति की शक्ति घोडे की शक्ति का सातवा भाग है, और सात व्यक्तियो की शक्ति एक घाडे की शक्ति के (समान) बराबर है। व्यक्ति की बाह बिल्कुल दुबल हैं यदि इसका प्रमाण चाहते हो तो किसी रस्सा को पकडकर ऊपर चढने का प्रयास करो बहुत थोडे व्यक्ति अपनी बाह निर तर प्रयत्न करने स 19 मिनिट मे अधिक पकड सकेंगें। इसलिय प्रयत्न कर सीधी बाहों मे काम नही करना चाहिय। ऐसा करन मे अधिक थकावट होगा।

प्रत्यक व्यक्ति क लिये रक्त का उसके ही शरीर म सही ढग से दौडना अति आवश्यक है अगर व्यक्ति बठा हुआ है ता उसके रक्त का घुमाव व सचरण या चक्कर बिल्कुल साधारण सा होता है। और पदल चलता है ता रक्त घुमाव चक्कर अधिक हाता है, दौडने म तो बिल्कुल माँस पशियो स अधिक। पट्ठो या माँस पेशिया से अगर निरतर गति स काम लिया जाय तो रक्त सचरण अधिक होता है इसी स हो प्रमाणित है कि व्यक्ति के लिये काम करना कितना आवश्यक है। जो व्यक्ति किसी प्रकार का काम नही करता ह या खेलकूद म भाग नही लेता है वह अधमर क समान है।

जो व्यक्ति सोच विचार नही करता है उसका मस्तिष्क मन्द व सुस्त पड जाता है एस व्यक्ति का रक्त सचरण शरीर के दूसरे भागा म तो हाता है पर गरदन स ऊपर नहीं जाता है। व्यक्ति के लिये रक्त ही उसके मस्तिष्क और शरीर क बनने म सहयाग दता है प्रकृति की कवल यही औषधि है मेरी समझ म तो विश्व म यही एक हा सबसे बडा आश्चय है।

हम म से कई साफ व शुद्ध हवा नहीं लेते हैं जिसका परिणाम यह

निकलता है कि अनेक व्यक्ति क्षय रोग से पीडित हो जाते हैं जो व्यक्ति चुप होकर बैठता है वह केवल दसवा भाग ही अपने फेफडो से काम लेता है जो व्यक्ति व द कमरे म रहता है वह स्वय से निकली हुई विशाक्त (वायु) हवा म फिर साँस लेता है पूरा शरीर है रक्त का एक कारखाना, और फेफडो का काम है रक्त को शुद्ध व साफ करना ।

उपरोक्त बातो को अच्छी तरह पढने से तुम्हें अपने शरीर के रहस्य का ज्ञान हो जायेगा । और यह याद रखना कि हम यदि शरीर को पूरे नियम व विधि स चलायेंगे तो लम्बी आयु आनन्द से जी सकेंगे और साथ साथ जीवन का सच्चा आन द प्राप्त कर सकेंगे ।

शरीर से अधिक काम लेकर उसे थकाकर और सुस्त बनाकर, यही दानो बातें व्यक्ति के जीवन को कम करने वाली हैं इस दोनो बातो से मुक्त हान का प्रयास करेंगे तो लम्बी आयु आन द से प्राप्त कर सकोगे ।

कोई भी यदि स्वस्थ व्यक्ति अनभिज्ञ नही है तो स्वास्थ्य के मुख्य नियमा का पालन कर वह लम्बी आयु आन द म जी सकता है ।

एक जो आवश्यक बात अपने शरीर सम्बन्धी समझनी चाहिय वह है हमारा शरीर एक शक्ति का तालाब है जिसका काय है शक्ति खच करना और शक्ति अर्जित करना । तुम अपने शरीर म जितनी शक्ति अर्जित कराग उतनी ही तुम उसमे से निकाल सकोगे व उपभोग कर सकोगे, इमस अधिक शक्ति इसमे से निकालना असम्भव है नित्य तुम्हारी शक्ति दैनिक काम करन से कम हाती है और फिर रात का आराम करने से यह शक्ति वापसी म तुम प्राप्त करते हो यह दर्शाता है कि व्यक्ति के लिये नीद करना कितना आवश्यक पहलू है ।

हर व्यक्ति क शरीर को चार वाता की आवश्यकता है भोजन, काम, शुद्ध हवा (वायु) और नीद । भोजन कसा खाना चाहिये इसके लिये लागा म मतभेद है मेरी समझ म भोजन वह खाना चाहिये जिसके लिये मनुष्य को अपने हृदय पर किसी प्रकार की रुकावट बाधा अडचन नही है मनुष्य क वल पुर्जे किसी भी भोजन स रक्त पैदा कर सकते हैं भोजन के लिय यह दो

वास्तविकताएँ अवश्य ही ध्यान में रखनी चाहिये कि भोजन को चबाकर (थूक Saliva)से मिलाकर बाद में निगलना चाहिये क्योंकि देर से पचने वाली वस्तु अगर पूरी तरह चबाकर खायी जाती है तो शीघ्र पच जाती है। हर व्यक्ति को धीरे धीरे खाना चाहिये भोजन करने के बाद कम से कम पन्द्रह बीस मिनिट आराम करना चाहिये, पेट में पूरी तरह चबाया हुआ भोजन निगलकर उसे काम करने के लिये पूरा समय देना चाहिये, ऐसा करने से तुम्हें कभी भी अपच की शिकायत नहीं होगी।

दूसरी वास्तविकता यह है कि कभी भी भोजन ऐसा नहीं करना चाहिये जो तुम्हारे अनुकूल नहीं आता या एक दूसरे से अनुकूल नहीं आता अर्थात दो वस्तुएं सम्मिलित कर या मिलाकर खाने से हानि होने की सम्भावना हो भोजन का सदैव जोड या मिलाप होना आवश्यक है ताकि भोजन को पचाने में पूर्णतया सरलता हो।

अच्छे से अच्छी वस्तु है पीने को दूध, जिससे ही मनुष्य ने अपने जीवन का शुभारम्भ किया है दूध परिपूर्ण है, यह वह भोजन है जिसमें सब प्रकार की बल व शक्ति विद्यमान है यदि कोई भी अपना स्वास्थ्य गिराता है तो मैं उसे यह ही सलाह दूंगा कि फिर से जाकर बालक बनो यानि कि फिर से दूध पीना प्रारम्भ करो।

काम व्यक्ति के लिये आवश्यक है मनुष्य को शक्ति केवल अन्दर रखना व एकत्र करना ही पर्याप्त नहीं है पर उसे शक्ति का उपयोग भी करते रहना है कुछ व्यक्ति सुस्त होकर जीवन व्यतीत करते हैं जिसका परिणाम यह निकलता है कि यदा कदा सर्वथा रुग्ण रहते है या रोगी जीवन व्यतीत करते हैं काम है शक्ति वर्धक व बलवर्धक, अर्थात काम है शक्ति को बढाने वाला टानिक Work is Tonic' अगर तुम्हें विवश होकर कभी मेज पर निरन्तर काम करना पड़ता है तब भी तुम्हें चाहिये कि घण्टा आधा घण्टा पैदल चला करो इसके अतिरिक्त प्रातःकाल नित्य व्यायाम करो जिससे तुम्हारे शरीर में रक्त पूरी तरह सचरण होता रहे।

शुद्ध व साफ वायु मनुष्य के लिये आवश्यक है एक वैज्ञानिक का कहना है

